

<u>*Newsपेपर*</u>

(A Play in English-Hindi)

By

Ashok Kumar

kumar_incomm@yahoo.co.uk

91-9892250853

Disclaimer:

This is a work of fiction and imagination. This is not about any individual or paper or Journalist/s or incident/s etc. Should any person or anecdote etc. herein mentioned match even remotely with any person living or dead it shall be a matter of a pure coincidence. The idea is not to malign any one or any group etc. but still if someone or some group/s feels that his/their sensibilities are in anyway hurt via this play it's purely un- intentional.

The Play is for pure fun and enjoyment and laughing things off- whether while reading or/and while stage performances.

Pitch:

Newspapers are business. Some believe in high standards of journalism, some try and test people's pulse by pushing news and views to enhance their influence and sales, some have their own political agenda. No politician or any concerned and informed person can live without newspapers (in any form) today. The business of newspaper is everybody's business. And most businesses directly or indirectly happen in the newspaper offices.

Plot:

The play is about the goings on in a newspaper office as seen through the Editor's cabin. It dwells on how the normal visitors, agitators, politicians and crooks come there with their different purposes and how the newspaper deals with them. The Reporter, Journalists and the Editor are the usual players but the real word generally is that of the owner of the newspaper. The Play deals with the ideology or lack of it of the journalistic fraternity! And how the government of the day dictates them to do or not do certain things in some matters and how that effects the news dissemination to public and how the newspaper benefits or otherwise from that.

Location:

Editor's office of a leading newspaper somewhere in a city like Bombay.

Set:

Editor’s cabin in a newspaper office. His table is kept in an angular position stage left. Behind that is his chair. Behind his chair is pasted an old worn out big print sheet in small letters saying ‘Journalistic Ethics’. Editor’s table is jumbled with stacks of papers, books, a telephone instrument and a small old time brass calling bell. The background wall of stage has a book shelf with books, magazines, Trophies, some old bundle of papers etc. just dumped. There are two big wall hangings, albeit now fading, one of Hickey’s gazette and another of Lokmany Tilak with his paper Kesari. On the right side of the Editor’s table there is kept a sofa for seating three and a sofa chair almost facing the Editor’s desk. Right opposite Editor’s desk and behind the sofa chair is put a wall mounted TV screen that runs news etc. continuously on mute. There is carpet on the floor which must have been expensive but is now old. Kept on the carpet in the center is a coffee table with some heavy books and few artefacts etc. With all this there must be enough room for people to move and walk and make dance movements.

Main Characters:

1. Editor- Name- Rama Krishna Aiyyer, Around 40-45 years of age. Expressive eyes and gestures. Speaks less, reacts more. Sensible, pleasant but firm.

2. Astt. Editor – Name- Bobby, Around 30 years of age. A typical Convent educated Bombay lad. Buying time here but wants to go abroad.

3. Reporter- Name- Bhomik Shah, Around 45-50 years of age. Old time reporter and good at that. Generally seen with his –now miniature- camera around his neck.

4. Assistant cum senior Journalist- Name- Marityunjaya Jha, Around 60 years nearing retirement. Has been in the Paper since the time of current owner's father. Not happy how the new technology is being used. Buying time till retirement. An expert in dealing with international issues and an advisor to the paper in difficult times.

5. Owner of the Newspaper- Name- Pappu Singhania but called P. Singhania because Pappu sounds a little odd for his position, Around 30-35 years of age. Rash, Business like and very clear and focused. It was his forefathers who started the paper.

6. Representative of Political parties- Name-Hoshiyar Singh, Around 40-45 years of age, a typical Dalaal, smart operator, selfish, backbiter.

7. Film Actress- Name- MadhuShri, Around 20-23 years of age, Sexy, Bold with limited intelligence.

8. Office Peon cum help- Name- Pandu, Around 30-35 years. Happy go lucky, speaks in a little Kolhapuri style, very intelligent and full of life.

9. Foreign Donor- Name- Bunco Thiggins, Around 45 years of age, full of himself, speaks in a typically American accent/style.

10. Normal Men- 1.Normal citizen, Around30-35 years of age. In Kurta, Pyjama looking for help for his dead Donkey.

2. Man- Around 30- 40 years of age, in T-Shirt and trousers, worried about his car Parking.

3. Maulana –Around 50 years of age- in Islamic beard, short Pyjama, Long Kurta..and Topi.

11. Various characters over the phone who call and speaks to the editor during the course of the Play.

NEWSPAPER

Soft music.

Announcement of Credits.

When the curtains open we see Pandu cleaning and dusting the editor's cabin, his table and organizing papers. He continuously either sings or talks to himself.

Pandu : (sings songs from Marathi and Hindi movies).. कुठ कुठ शोधूं तुम्हाला,,,(to self) ए पाण्डू ! किती वेडा बोला तुमको ,,ये मराठी पेपर नई हाय,,हिंदी पेपर हाय ,,इदर मराठी गाना नई गाने का, नई गाने का,,हिंदी गाना गाने का,,,ठीक हाय ? (sings) लो,,बेबी को बेस पसंद हैय ,,, बेबी को बेस पसंद हैय,,,,,,संभाल पाण्डू !,,,संभाल !,,,बेबी का बात नई करने का, समझा न ! वो अपने लिए नई हाय, वो सिनेमा के हीरो लोग के लिए हाय,,(one paper flies away, he tries to catch it but it flies further away. He runs after it and sings) ज़वड़ या लाजु नको,,लाजु नको ,,,फिर, फिर फिर,,,, बोला तुमको हिंदी पेपर हाय,,हिंदी में गाने का,,, OK ? !... कहाँ चल दिए,इधर तो आओ,हाथ में आओ,,,,(All the while the paper flies further away, Pandu gets restless and irritated) अरे रामा रामा ... (he now catches the paper) हाँ ! असा ! कोई पॉब्लेम हो तो पॉब्लेम में राम नाम लेने का ,,पाण्डु ! राम नाम लेने का ,,(now sings bhajan) राम कृष्ण हरी बोलो, राम कृष्ण हरी,,,

Just then the door of the cabin opens and a hassled Editor enters. He hears Pandu singing, stops, looks at him. Pandu stops singing, realizes the situation and wishes him.

Pandu : ... साब !

Editor : (irritably, Quizzically) क्या ?

Pandu : नई,, नई,, मने नमस्ते साब !,,,मैं राम राम किया आपको...आपका नाम राम कृष्णा नई लिया साब !

Editor: हूँ ! राम राम,,, नमस्ते !

Editor walks to his table,takes off his cap,keeps that on the table.Looks at his papers on the desk,searches for smething, cannot find it,speaks.

Editor ; पाण्डू !

Pandu : होय .

Editor : तुम इधर का सब पेपर इधर उधर कर दिया,,,,

Pandu : मैं कुछ छुआ नई ,,एक उड़ता था,,वैसई जैसा पिक्चर में दिलीप कुमार गाता था न ,,(sings) हवा में उड़ता जाये तेरा लाल दुपट्टा मल मल का जी,, हो जी, हो जी,,,,

Editor : Shut up !

Pandu: (shuts up) साब !

Editor : एक गिलास पानी लाओ .

Pandu : पानी ? अभी?...अभी आपका कॉफी का टाइम हाय,,कॉफी पियो,,कल रात का चढ़ा होयेगा,,,,,,ब्लैक कॉफी पी के उसे उतारो,,,,,पानी कायको मांगता हाय ?

Editor : गोली खाना है.

Pandu: गोली? ,,,तुमको कायको गोली खाने का हाय? ,,,,तुम तो दुनिया को गोली देता हाय !

Editor: च्च...! बहुत बोलते हो तुम !

Pandu: होय !

Editor : (so far he has been looking for a paper which he has still not found) सब पेपर इधर उधर कर दिया तुमने ,,,तुम करते क्या हो?

Pandu: दिन भर काम करताय,,,झाडू लगतय, हम दष्टींग करताय, हम पानी लाताये, हम चा बनाताये , लोगों को बोलताये के साब बिज़ी हाय, साब नई हाय,साब गयेला हाय, साब मीटिंग में हाय,,,,, आप खाली होता हाय तब भी हम ऐसा बोलताये, समझा न,,,,,,,,हमको बीड़ी पीने का टाइम भी कितना मुश्किल होताये.

Editor : पानी लाओ .

Pandu : होय !

Pandu exits. Editor sighs a relief, sits on his chair,streches his back,takes out his cell phone and pen and keeps them on the table. looks around, Puts the TV on but mutes the volume, looks at some papers.

Door of his cabin opens and Bhomik enters in a hurry.

<u>Bhomik</u> : राम सब नमस्कार !.....ये देखो....

Bhomik keeps his cell phone on table and shows some pictures to the editor. Seeing pictures the editor almost stands up.

<u>Editor</u>: Oh MY God ! ....छह लोग एक साथ !

<u>Bhomik</u> : कुचल दिए ! सोते हुए लोगों पे गाडी चढ़ा दी. ! I checked this this morning at 5.

<u>Editor:</u> (sits down,gestures Bhomik to sit) 5O'Clock... तुम कैसे पहुंचे ?

<u>Bhomik</u> : (sits) मैं रोज़ साढ़े पांच पर बैंड स्टैंड पर घूमने जाता हूँ,,,,तब it is quiet....आज नींद जल्दी खुल गया,मैं जल्दी चला गया,,,मैं पहुंचा तो देखा ज़रा देर पहले ही पाली के पेवमेंट पर ये हुआ पड़ा है .

<u>Editor</u> : (looking at the pictures) ये car तो audi है .... वहीँ खड़ी है ,,,, very bad accident....good news,, लाओ, ये तो headline news है...

<u>Bhomik</u>: आज का पेपर तो गया,,अब तो कल छपेगी ...

<u>Editor</u> : अरे दोपहर का सप्पलीमेंट निकालते हैं यार.

<u>Bhomik</u> : गाडी जिग्नेश जजोरिआ का बेटा चला रहा था.

<u>Editor</u> : जजोरिआ ! इंडस्ट्रियलिस्ट ? तब तो और भी अच्छा है,,ये बड़े लोग अपने को समझते क्या हैं ?!

Enters Bobby.

<u>Bobby:</u> Good Morning.

Editor : अरे Bobby,,, Good you came,,, write a two column news,,, Headline news with Mast whatever,, with black boarder,, Use this picture and mention names (to Bhomik) जजोरिया का नाम सही है न ?

Bhomik : 100% लेकिन लड़का सीन से भाग गया.

Editor : No problem,,, जाओ तुम लोग,,,Plan a lunch time supplement,,, Quick !

Bobby: Righteeho Bossy !

Bhomik and Bobby leave.

Editor is back to his work. A little time to look at some papers and make notes. Cabin door opens and enters Mrityunjay Jha.

Jha : नमस्ते सर !

Editor: नमस्ते झा साब !

Jha : जजोरिया के बेटे का न्यूज़ दिए हैं ?

Editor : हाँ,,,,छह लोगों पे गाडी चढ़ा दी,,,,

Jha : वो बहुत बड़ा इंडस्ट्रियलिस्ट है,,,ज़रा सोच समझ के...

Editor : (Little defensiely) बड़ा है तो ?,,अपने घर में होगा ! छह बेकुसूर लोगों को कुचल दिया !

Jha : वो तो उसके बेटे ने गाडी से कुचला है,,,,

Editor listens to Jha.

Jha : (continues) अपने बिज़नेस से तो वो जाने कब से कितने लोगों को कुचलता आ रहा है !

Editor : आप कहना क्या चाह रहे हैं?

Jha : सोच लीजिये,,,मालिक के बेटे पप्पू सिंघानिया से मशवरा कर लीजिये,,,,

Editor : वो पप्पू है यार !

Jha : इसीलिए तो वो अपने नाम को पप्पू सिंघानिया नहीं लिख कर पी सिंघानिया लिखता है,,,लेकिन फिर भी है तो वो पेपर का मालिक और धंधा जानता है.

There is knock on the door. Editor says ‘Yes’. A man in black trouser,white kurta and a shawl with boarder over his shoulders enters. This is Hoshiyar Singh, He looks like a typical political Dalaal.

<u>Hoshiyar</u> ; नमस्ते सर ! नमस्ते झा साब !

Both Jha and Editor acknowledge Namasate.

Hoshiyar takes out some paper leaflets from his shoulder bag and puts them on the Editor’s desk, speaks as he is taking out papers etc.

<u>Hoshiyar</u>: ..ये बालकल्याण विभाग,,,, ये पीपुल्स पार्टी का अवार्ड फंक्शन,,,, ये जन जाग्रति पार्टी का प्रेस नोट,,,,, ये LGBT एसोसिएशन का,,,,ये,,,

<u>Editor</u>: (cutting him short) बस बस,,,,सारी एजेंसियां ले रखी हैं आपने,,,,,

<u>Hoshiyar</u> : क्या करेगा राम कृष्ण अइय्यर साब,,क्या करेगा,,,,

Door opens and enters Pandu with a glass of water, keeps the glass on the table, Jha leaves.

<u>Editor</u> : एक गिलास पानी के लिए इतना टाइम?

<u>Pandu:</u> मय तो जल्दी आया .

<u>Editor</u> : What?!

<u>Pandu</u> : बिल्डिंग में पानी नई हय,,,,, टॉयलेट में लेने को गया,,,

<u>Editor</u> : (alert, scared) ये टॉयलेट से ले के आया तुम ?

<u>Pandu</u>: टॉयलेट में भी नई हय .

Editor sighs relief.

<u>Pandu</u> : (Continues) फिर मैं गया चा वाले के पास,,,वो बोला पब्लिक नल पे जाओ वहां से ले लो,,,,वो भी उदर सेइ लेता हय.,,फिर मैं सड़क के पार,,उदर,,,,,शेयर मार्केट के आगे वाली गली के नुक्कड़ वाले नल से लाया .तो टाइम तो लगेगायी न !

Hoshiyar : यार पाण्डु ,,क्या हाल चाल...?,,,,अय्यर साब चाय वाय पिलवाते तो मज़ा आ जाता,,,,

Editor: यहाँ पानी नहीं है तुम चाय की बात करते हो ! इतने नेताओं का काम करते हो,,,कॉरपोरेटर से कहो न के जब देखो तब इस एरिया में पानी ही नहीं आता.

Hoshiyar : अभी बोलके फायदा नई,,,,उसका जब कोई काम अटकेगा न तब बोलेगा,,,,,ये पॉलिटिशियन लोग का या तो काम अटके या इलेक्शन टाइम में वोट अटके तभी सुनते हैं,,,नई तो वो कायको इंटरेस्टेड होयेगा ?

Editor: Interest की क्या बात करते हो,,,ये तो उसका काम है .

Hoshiyar : काम, ड्यूटी,फ़र्ज़,,,,हं हं हं हं,,,,,आप भी अय्यर साब !

Pandu : मय जाऊं ?

Editor : हाँ !

Pandu turns to go out. Bobby enters and both almost collide.

Bobby : (complaining) क्या पाण्डू !

Pandu : (in same complaining tone) क्या बेबी !

Bobbay : (little angry) ए ! बेबी नई बॉबी ! बॉबी साब ! सलीका नई तुमको ?

Pandu: इदर धोने को पानी नई हय,,,,हम बीबी नई ला सकता हय तुम साली का बात करताये !

Bobby : Go...Go...

Pandu : हो,,हो,,,

Pandu exits and Bhomik enters, looks at Hoshiyar, stands on one side, sees them busy and leaves, Bobby stays.

Editor: (to Hoshiyar) ये प्रेस नोट तो ठीक है,..,नेता जी कहाँ आ रहे हैं,,कवर कौन सी न्यूज़ करनी है ?

Hoshiyar : नेता जी,,,,, ए....इसमें आएंगे लेकिन ये रात को है,,,,मस्त,,चिकन विकन ,,,दारु वारु ,,पैकेट वैकेट,,,,,,फर्स्ट क्लास ,,,पन, आप ऐसा करो,सुबह आओ, वर्सोवा वाले प्रोग्राम में

,,,ब्रेकफास्ट करो ,,ग्यारह तक पहुंचो अँधेरी स्पोर्ट्स क्लब में....इंडियन मर्चेंट्स का सेमिनार है....फाइव स्टार लंच करो....पांच बजे आपको इनविटेशन देता हूँ गवर्नर हाउस का...मैं भी रहूंगा,,चाय पिएंगे,फर्स्ट क्लास !,,,,तब शाम को सात बज जायेंगे,,तब चले जाओ नेता जी के नाईट प्रोग्राम में,,,फाइव -स्टार डिनर ड्रिंक्स,,सब कुछ,,पूरा दिन का ऐश करो अय्यर साब !

Editor: हम न्यूज़ पेपर वालों को तुम इतना बिकाऊ समझते हो?

Hoshiyar : सारी दुनिया बिकाऊ है अय्यर साब....प्राइस अलग अलग है बस,,,,,छोटा पत्रकार हो तो खाना नाश्ता देखता है ...थोड़ा बड़ा हो तो डिनर ड्रिंक्स देखता है..... और बड़ा हो तो पैकेट वैकेट चाहता है और बड़ा हो तो,,,,

Editor : (cuts him short) ठीक है,,,अब तुम चलो. मैं नेता जी वाले प्रोग्राम मैं कोई रिपोर्टर भेज दूंगा. OK ?

Hoshiyar : आप ?,,आप नई आएगा ?,,अरे क्या यार.....

Editor : और कुछ ?

Hoshiyar : चलो चलता हूँ,,,,आज का चाय उधार ,,, ऐं !

Bobby who has been standing has editor's attention.

Editor: Yes?

Bobby : (shows the rough) Mid Day suppliment की dummy है सर.

Door opens and enters Bhomik, He sees the Dummy with interest, They all deliberate.

Editor : Boarder और dark करो ,,,black, as if we are mourning and synmpathising with the dead.

Bhomik : Not Dead,,,Killed !

Editor : Yes,,you are right...Butchered.

They delve on general discussion on the dummy.

The atmosphere is now quiet and serene,very plasent . Performers can have very soft and plasent converstaion under some very soft soothing music, the words spoken can not be clearly heard by the audience..but suppliment the deliberations on the dummy.

Suddenly the door opens and enters P Singhania- the owner of the newspaper. Editor stands up. Others also get attentive. All wish Singhania "Good Morning". Singhania sits on the single sofa chair and looks at his wrist watch and speaks.

Singhania : Morning !...Its damn well afternoon,,,and ... तुम लोग मेरा Afternoon नहीं मेरा दिन ख़राब करने पर तुले हो.

Bobby: क्या हुआ सर ?

Singhania ignores Bobby, doesn't even take notice of him and speaks to the editor.

Singhania : अय्यर तुम mid-day supplement निकाल रहे हो?

Editor : जी !

Singhania : I am the owner of this paper….मुझसे पूछा ?

Editor : इशू ही ऐसा है.....एक अमीर ज़ादे ने शराब पी कर अपनी गाडी पेवमेंट पर सोते हुए ग़रीब लोगों पे चढ़ा दी,,,,छह को कुचल दिया,,,,तो as a newspaper हमारा फ़र्ज़ बनता है.....

Singhania : (cuts editor short) फ़र्ज़ my foot ! You don'r even know तुम्हारा फ़र्ज़ क्या है,,,न्यूज़ देना या पेपर चलाना या अपनी नौकरी बचाना...

Editor : मैं समझा नहीं !

Singhania : (relaxes in chair and speaks) कार मालिक इंडस्ट्रियलिस्ट जजोरिआ का फोन आया था,,,,

Editor : उसे खबर लग गयी ?

All look at Singhania and listen intently.

Singhania : He is ready to compensate us.

All three: Compensate US ??

Singhania : He said he will give Two crores if you do not take out this supplement.

Editor : What audacity!

Singhania : So I said NO.

Editor/Bhomik : (almost together) Good ! Very Good!

Singhania: I said I can settle for not less than Four crores .

All three drop their jaws, their mouths open.

Singhania : (chuckles) And you know what ? He agreed! (Claps his hands) ….We are rich by four crores!

Bhomik : But morally poor !

Editor : But supplement रेडी है,,,,बस प्रिंटिंग में जाना है,,,,

Singhania : Stop it.

Editor : This is against journalistic ethics ! ये ग़रीब pavement dwellers के साथ अन्याय है ! This is inhuman!

Singhania : तुम्हें पांच insignificant लोगों की पड़ी है,,,,,,industrialist जाजोरिया की नहीं पड़ी जो हज़ारों को नौकरी दे कर उनको पाल रहा है.

Bobby: For his own profit.

Singhania : Everyone works for profit.

Editor : Pavement पर सोने वाले भी citizens हैं सिंघानिया साहेब,,कचरा नहीं हैं...

Singhania : ये तुम्हारा वहम है,,,,बड़े बडेसरकारी गलियारों में अफसरान उन्हें कचरा ही कहते हैं और नेता उन्हें देश पे बोझ कहते हैं.

Editor : उसी कचरे से नेता भी पैदा होते हैं और उसी सोसाइटी से अफसरान भी पैदा होते हैं,,,,,और उसी से हम और आप भी आते हैं.

Suddenly there is a news flash on TV- “Selective Killings” and the editor puts the sound ON.

Editor : OMG !

All look at TV with interest.

TV News : कश्मीर के बक्करवाला इलाक़े में नाम,पासपोर्ट और आधार कार्ड देख कर selective killings,,,, one of our reporters reports from Kashmir..(Reporter speaking on mic),,,Thank you studio,,,,, आज शाम को कश्मीर में प्रकृति का आनंद लेने आये दस हिन्दुओं को आतंकवादियों ने,,,,

Editor mutes the TV sound.

Editor : Nowhere is safe anymore !

Bobby: They said it's safe to go there.

Editor: (Emphasizing on 'They") They are always safe!

Bhomik : ये तो रोज़ होने लगा है.

Editor : न्यूज़ तो छापना पड़ेगी.

Singhania : (almost rebuking) तुम अपने enthusiasm में पासपोर्ट,आधार देख कर हिन्दुओं को मारा मत लिख देना...

Editor : सच पेपर में न जाये ?

Singhania : सच बोलो,,कितना बोलो यह भी सोचो. ...तुम बोलो कुछ टूरिस्ट लोग मार दिए गए,,,किसने मारा तलाश चल रही है,,,समझे ? Try to be general.

Telephone rings on editor's desk. Editor picks up.

Editor ;(on phone) Yes?,,,,yes,,,,put him on.

Covers the mouth piece and says to Singhania)… Chief's office…(on Phone) yes sir !
Good afternoon !

Voice on the Phone: The news broken on TV is a mistake.

Editor: Which news? Hindus killed by terrorists?

Voice: Yes….This is all humbug,,,TV channels have been told to blank it out.

Editor: well !?

Voice: And I am calling to tell you कि ये खबर पेपर में नहीं जानी चाहिए.

<u>Editor</u>: इम्पोर्टेन्ट न्यूज़ है सर. लोगों को मालूम होगा तो जो घूमने जाने वाले हैं नहीं जायेंगे,,,बच जायेंगे.

<u>Voice</u>: Listen to me...(sternly) ये न्यूज़ नहीं जानी चाहिए.... Authorities चाहती हैं कि सब जगह सब कुछ नार्मल बताया जाये और सब जगहें सेफ हैं ऐसा impression क्रिएट किया जाये.

<u>Editor:</u> One minute,,,,(gives the phone to Singhania., covers the mouth piece and says) कहता है ये न्यूज़ नहीं जानी चाहिए.

<u>Singhania</u> : (Takes the phone) Hi, I am Singania ,,,, अरे अरे,,नमस्कार सर ! I am good, I am good,,,, Tell me sir !

<u>Voice</u> : देखो देश में सब जगह normalcy दिखाने का डिसिशन हुआ है,,,तो ये किल्लिंग्स जैसी न्यूज़ पेपर में नहीं जानी चाहिए.

<u>Singhania</u>: (on phone) अब बोल रहे हैं आप ,,,जब सब मैटर बन चूका है,,पेपर प्रिंटिंग में जाने को तैयार है,,,दो मिनट बाद फोन करते तो शायद पेपर छप के पब्लिक में चला गया होता,,,हम न्यूज़ पेपर हैं,,,ये तो हमारा काम है...

<u>Voice</u> : तुम्हारा क्या काम है हम जानते हैं. न्यूज़ गई तो तुम्हारा सारा ऐड रेवेन्यू बंद.....कितना?,,,,,तुमको १०० करोड़ के ऐड मिलते हैं न ? ,,कल से बंद करवा दूंगा,,,,,, So behave yourself and listen to what I am saying.

<u>Editor</u> : सर पे हाथ मारता है.

<u>Singhania</u> : आप ज़रा ज़रा में नाराज़ हो जाते हैं ,,,बात सुनते ही नहीं,,,,

<u>Voice</u> : क्या ?

<u>Singhania</u> ; हम आपकी सेवा में आपके क़सीदे पढ़ते थकते नहीं,,,,जो आप चाहते हैं वही हम करते हैं,,,,,,आप हमारे राइवल को भी उतने ही ऐड देते हैं जितने हमें ,,,,तो आपकी सेवा की कुछ तो मेवा हमें मिलनी चाहिए,,,,मने ,,,,सोचिये आप ज़रा,,,है कि नई,,,,

<u>Voice</u> : मने ?

<u>Singhania</u> : (matter of factly) मने इस साल कम से कम दस करोड़ के एड्स तो और दिलवाइये....

Voice : दस?

Singhania : आपके आसरे चलता है पेपर सर !

Voice : ठीक है,,,,पांच करोड़ का बजट बढ़वा देता हूँ,,,लेकिन Atmosphere create करो कि देश भर में All is well ,,,,सब कुछ ठीक ठाक है,,,कहीं कोई प्रॉब्लम नहीं है,,सब लोग सुखी और संतुष्ट हैं,,,ठीक है?!

Singhania: Perfect Sir ! ….Perfect ! .. लो जी एडिटर साब सुन लो,,,सुनलिया !

Voice : ठीक है.

Phone gets disconnected.

Editor : (to Singhania) Thats good news.

Singhania : (Jubilant) So now चार करोड़ जजोरिआ से,,,,,पांच करोड़ इनसे,,,,हा हा हा हा हा....we are rich ! (looks at the editor) राम कृष्णा ! एक गिलास पानी लाओ !

Editor : (aghast) जी ?

Singhania : I am so happy,,,, एक गिलास पानी लाओ,,,, बोला न !

Bobby : एडिटर पानी लाएगा ?

Singhania : तो ?,,,एडिटर क्या होता है ? पेपर मैं चलाता हूँ,,,,समझे न,,,,,मैं किसी को भी एडिटर बना सकता हूँ,,,तुम्हें भी,,,समझे न !

Bobby : बिल्डिंग मैं पानी नहीं है !

Singhania : I see ! ठीक है,,,,,मैं चलता हूँ,,,मेरा गला सूख रहा है,,,,,,, मैं बॉम्बे जिम जा के ज़रा जिन एंड टॉनिक पियूँगा फिर घर जाऊँगा .

Singhania exits. So do Bobby and Bhomik,Editor stands up,streches and breaths relief.

Editor sits on his chair,sips some water,takes out the pill,swollows it,taps his fingers on the table in relaxation.

Door opens and enters Pandu. Editor looks at him.

Pandu rolls his eyes mischiviously,gestures towards the door as if someone is there to meet the editor.

Editor looks at him enquiringly,gestures as if who is there.

Pandu : (Bursts into song) उनके आने से वरांडे में चमक जाग उठी, उनको देखा तो जवानी की अगन जाग उठी ! (a la Waqt song कौन आया कि निगाहों में चमक जाग उठी,,)

Editor : कौन है यार ?

Pandu : (starts singing while pointing to the door) लाल छड़ी मैदान खड़ी, जिसको मिलने की पड़ी ! (a la Junglee movie song लाल छड़ी मैदान खड़ी)

Editor : You are mad ! कहाँ से आये यार तुम ??!

Pandu : मैं नागपुर से आया,,, बोलो?

Editor : (Angrily) मैं तुमको निकाल क्यों नहीं देता,,,,

Pandu : क्योंकि मैं सिंघानिया साब की पत्नी का ख़ास नौकर हूँ,,,,वोई हमको इदर रखवाया है,,,,,,तुम मुझे क्या निकालोगे,,,मुझे तो सेठ भी निकाल नई सकता,,,,

Editor : वो भी तुमसे दुखी हो गयी इसलिए उन्होंने तुम्हें यहाँ भेज दिया...Oh MY God !

Pandu : अभी बोलो छम्मक छल्लो को क्या बोलूं ?(enjoys while speaking) बिज़ी हो, मीटिंग में हो,बाथरूम में हो,,,,,? उसके लिए तो तुम बिज़ी नई होयेगा,,है न !?.

Editor : कौन है यार ?

Pandu : हीरोइन ,,,,,(Lyrically) मधु श्री !

Editor : ओह तेरी !!,,,Yes,,,,Yes,,,,!

Pandu : हाँ,,,! हाँ ,,,!

Editor : (to himself) उसका इंटरव्यू है आज ! (To Pandu) उसको भेजो और बॉबी को आने को बोलो.

Pandu : हो !

Pandu rolls his eyes in enjoyment/satire and leaves. Opens the door for Heroine to come in. Heroine Madhu Shri is young,sexy,with short and seductive dress. She looks very attractive with an inviting smile.

Heroine : Haaaaai !!

She comes closer,takes editor's hand ,clasps it and keeps it that way, Editor has to make an effort to free his hand but he tries in vain.

Heroine : Mr Ram Krishna Sir ! I have been dying to meet you sir !

Heroine sits on the chair in front of the editor at his desk with her breasts almost kept on the table,leaning towards editor. When Bobby arrives in the room she is just leaving editor's hand from her grip. Bobby sees both of them like this and stops a bit.

Editor : (to Bobby) Yes Bobby,,,,,(to Heroine) here is the man for you (To Bobby) Bobby,,,This is that famous film heroine,,,,,it is her interview that is fixed for today.

Heroine turns to look at Bobby. Gives him a look as if "who the hell is this man?". She looks at him from top to bottom and asks editor.

Heroine: इंटरव्यू तो आप करने वाले थे सर !

Editor : हमारे पेपर में हर काम थोड़े ही मैं करता हूँ,,,,,,,Besides Bobby is an accomplished writer,,(to Bobby) Bobby this is that famous heroine Ms Madhu Shri....इनका फोटो सेशन भौमिक ने कर लिया है,,,इंटरव्यू आप कर लीजिये.

Heroine : इंटरव्यू थोड़ा,,,,,हट के कीजियेगा,,,,,,,,Image building, you know !

Editor : No worries.

Bobby : Interview ?,,,(to Heroine),, चलिए..(gestures her ot come with him to his office)

Editor :No,,,NO,,,,do it here,,,,, यहीं सोफे पर बैठ जाओ,,,मैं तो लंच पे जा रहा हूँ,,,,,(gets up) OK ?

Editor gets up from his chair, Picks up his cap which is kept on the table, wears it and leaves out of the cabin.

Bobby gestures Heroine to sit on the sofa. He also sits by her. Heroine keep a distance and is careful. Bobby picks up a pad and pencil. Heroine adjusts her hair and her dress, become a little comfortable, looks around, uses her hand as fan- as if it's hot -then looks at Bobby and gives fake smile.

Bobby: शुरू करें ?

Heroine : Shoot !

Bobby : फिल्मो में आने की प्रेरणा आपको कहाँ से मिली

Heroine : मेरी माँ से ....जब मैं पांच साल की थी तब से वे मुझे कभी इस प्रोड्यूसर कभी उस प्रोड्यूसर के पास ले जाया करती थीं ,,,कुछ ने मुझे चाइल्ड आर्टिस्ट का काम भी दिया,,लेकिन ये बात लिखियेगा मत क्योंकि चाइल्ड आर्टिस्ट्स आगे जा के कोई ख़ास सक्सेसफुल नहीं होते.

Bobby : फिल्मों मैं आप as a heroine कैसे आयीं?

Heroine : Actually,,,,,Shafi Sheikh,,,,You know him ?

Bobby: वो तो बहुत बड़े स्टार हैं.

Heroine : हाँ तो,,,एक दिन मैं उनके घर गयी,,,,,उसने मुझे कमरे में बंद कर के,,,, (shifts closer to Bobby) हं हं हं हं ,,,,,,, You know ,,,,(Heroine giggles and gives a 5 to Bobby with her palm)

Bobby : आपने तो ट्विटर पे लिखा था कि सुपरस्टार शफी शेख ने आपको.....

Heroine : (completes the sentence) रेप किया !

Bobby : Right !

Heroine : हाँ, तो ?,,किया !

Bobby : लेकिन आपने उन पर कोई मामला दर्ज नहीं किया था,,,,

Heroine : हाँ, तो ?,,,,, रेप उसने किया,,,ये उसका जुर्म है मेरा नहीं....

Bobby : अब वही शफी शेख आपको प्रोमोट कर रहा है,,,,,आप कहती हैं के वो मेरा मेंटोर है.

Heroine : Off the record,,,, एह,,,, off the record,,,, शफी शेख बुड्ढा हो चूका है,,, He is an idiot लेकिन चल रहा है.

Bobby: आपने कहीं किसी इंटरव्यू में कहा है कि आप दोनों बहुत अच्छे टर्म्स पर हैं. लेकिन क्या ये सच है कि इसकी वजह से उसकी पत्नी से भी उसका झगड़ा हो चुका है...

Heroine : अरे वो देहाती औरत है...छोडो उसे,,,,हाँ हमारा अक्सर मिलना जुलना होता है. अभी हाल ही में उसने मुझे एक फिल्म में रोल दिलवाया था और वो फिल्म हिट हो गयी,,,,वो मेरी परफॉरमेंस कीवजह से हिट हुई तब से इंडस्ट्री में मेरा नाम मधु श्री की बजाये लकी श्री करके जाना जाने लगा है,,,,,हं हं हं हं ....

Bobby : कहा जाता है आप बहुत धार्मिक हैं.

Heroine : Of course.

Bobby: एक recent film में आपके ऊपर एक गाना फिल्माया गया है- "मुझको छूने से पहले गंगा में जा के हाथ धो ले, पवित्र हो ले !" उस गाने के ऊपर आप पर केस हुआ है .

Heroine : (Little uncomfortable) ये केस करने वाले या तो गधे हैं या फिर उन्हें मेरी आड़ में पब्लिसिटी चाहिए.

Bobby : क्योंकि गाना हिट हो गया इसलिए ?

Heroine : अरे यार हम एक्टर्स हैं . हमें स्क्रिप्ट दी जाती है. गाना बनाया जाता है फिर हम पर फिल्माया जाता है. पकड़ना है तो प्रोड्यूसर को पकड़ो ,डायरेक्टर को पकड़ो,गीतकार को पकड़ो,,,,,हम तो वो कर रहे हैं जो हमें करने को कहा जा रहा है,,,लेकिन हम उनको सामने दिखते हैं तो बस....और हम से न्यूज़ बनती है.

Bobby: गंगा हमारी पवित्र नदी है ,,,,हम उसे माँ मानते हैं ,,,,,उसका इस्तेमाल करके इस तरह गाना बनाना ठीक है क्या?

Heroine : पहले ये बताओ कि क्या सब कुछ ठीक हो रहा है ? सारे आपके मूल्य समाप्त हो गए हैं,,,,सेकुलरिज्म इतना बढ़ गया है कि हिन्दू शब्द बोलना भी गुनाह हो गया है. नई जेनेरेशन धर्म में मानती ही नहीं है तो जिसके जो समझ में आएगा वो करेगा.

Bobby : खबर है कि आप अपने डायरेक्टर्स से सटिस्फाइड नहीं हैं और अब अपनी फ़िल्में खुद डायरेक्ट करना चाहती हैं. आपने उस बारे में तैयारी भी की है !

Heroine : Oh, You are a sweetheart ! (folds her fingers,points them towards Bobby and then kisses her fingers,,denoting a kiss, shifts a little closer to Bobby, Bobby shifts away albeit a wee bit)...Very good question !.. मैं चाहती थी कि कोई मुझसे ये सवाल पूछे,,,,तुम ये बताओ कि डायरेक्शन में तैय्यारी क्या होती है ?,,ऐं,,,, क्या होती है? फाइट फाइट मास्टर करवाता है, ,सॉन्ग डांस डायरेक्टर करवाता है, स्टंट स्टंट मैनेजर करवाता है, एक्टिंग स्टार्स करते हैं जिनको आप डायरेक्ट नहीं कर सकते, शॉट्स कैमरा वाला सजेस्ट करता है तो डायरेक्शन में करना क्या होता है? उसमें तैयारी क्या करनी होती है?

Door opens and enters Pandu with a cup of coffee for heroine, He keeps the cup on the table and speaks.

Pandu : मैडम ,,मैडम ,,,,,,मय पाण्डू,,,,आपका भोत बड़ा फैन !

Heroine looks at Pandu without any emotions but as if she is disturbed.

Pandu : (bursts into a song with danceing gestures) “जीने देता है न जाने देता है,तू कितना मुझे प्यार करता है " क्या गाना है मैडम,,क्या गाना है !

Heroine enjoys this with a silent smile,Bobby looks at Pandu and then checks Heroin’s reaction.

Pandu : और आपका वो गाना तो मैडम क्या बात है....(Starts singing and dancing) "तू खट्टा भी है,तू मीठा भी है; तू साबुन भी है,तू रीठा भी है; बिन तेरे जीना कोई जीना भी है !"

Heroine now cannot hide her joy. She is shy,enjoying and laughs.

Pandu : कॉफ़ी पियो मैडम,,,कॉफी !’

Bobby : पाण्डू !

Pandu : होय !

Bobby : Go.

Pandu : हो !

Heroine stops Pandu.

Heroine: नहीं नहीं,,ठहरो पाण्डू,,,,,आप बहुत अच्छा डांस करते हैं... मेरे सब गाने आपको याद हैं ?

Pandu gives a dirty look at Bobby and makes a subtle mocking gesture. Then returns his gaze to heroin and feels happy.

Pandu : याद है मैडम ! आपके सब गाने याद हैं मैडम !

Bobby: Pandu !

Pandu : हो,,,,ज़ातोये ~!

Bobby : (points to coffee) Please !

Heroine: इसमें कितनी calories होंगी,,,,,हं हं हं हं (giggles)

Bobby : नहीं नहीं ,,,,, आपके लिए skimmed milk डाला है और caffeine free coffee डाली है और no suger.

Heroine : Oh,,,,how sweet.

Door opens and enters the editor.

Editor: हाँ भाई !,,,,carry on,,,,carry on,,,,

Bobby : नहीं, हो गया सर ! जो मैन मैन चर्चा में है वो सवाल पूछ लिए बाकी तो इनके बारे में कौन नहीं जानता.

Heroine feels proud of herself.

The editor takes out his cap,keeps that on his table,sits on his chair. The telephone on the desk rings, he picks up.

Editor : (on phone) Yes ?

Lady's voice : Sir, Mr Prince Kumar online.

Editor: (remembering) Prince Kumar ????

Lady's voice : Managing Director of International PR Agency Hanger and Hanger Ltd.

Editor: (attentive now) ya ya,,,Put him on. (on Phone) Mr Prince Kumar ! How nice to hear from you.

Listening to this Heroine gets excited.

Heroine : Hanger PR ! Please मुझसे बात करवाइये....

Editor gestures her to keep calm.

Man's voice on Phone -Prince Kumar : (pleasant but firm) Mr Ayyer ,,Two things.

Editor : Tell me sir.

Heroine tries to get editor's attention for allowing her to speak to Prince Kumar.

Heroine : प्लीज़ बात करवाइये,,,बहुत दिनों से मुझे कोई endorsement का ऐड नहीं मिला.

No one takes notice of her.

Prince : ये जो जाजोरिया के बेटे का एक्सीडेंट हुआ था .....

Editor : (emphasises on 'Ka' and 'Ne') जजोरिया के बेटे का नहीं हुआ था उसके बेटे ने एक्सीडेंट किया था.

Prince : वोई ,,,तो उस बारे में इंडस्ट्रियलिस्ट जजोरिया का नाम बहुत ख़राब हो रहा है...

Editor ;(satirically) अच्छा !

Prince : तो अपने पेपर में उनके अच्छे डीड्स के बारे में एक एडिटोरियल कीजिये.

Editor: You mean Advertorial !

Prince : Correct ! उसकी फीस हम सिंघानिया से तय कर चुके हैं.

Editor : जजोरिया के अच्छे डीड्स पर क़सीदे लिखूं ! तो ये बताइये कि उनकी तारीफ में लिखूं क्या ? अल सुबह कसीनो से शराब में भुत जजोरिया का लाडला पेवमेंट पे सोते हुए मासूमों पर

गाडी चढ़ा देता है, छह को मार देता है,,,तो उसके बचाव में लिखूं क्या जो उनकी इमेज बिल्डिंग करे ?

Prince : उनका लड़का गाडी नहीं चला रहा था.

Editor : चश्म दीदों ने कहा है .

Prince : (irritated) बेकार की बातें न करें,,,,जो ऑफिसियल वर्शन है हमें उस पर जाना चाहिए और पुलिस ने जो दर्ज किया है वो ये के जजोरिया का ड्राइवर गाडी चला रहा था औरसड़क पर एक कुत्ते के बच्चे को बचाते समय उसका बैलेंस बिगड़ गया,गाडी बेकाबू हो गयी और ये बात हो गयी....

Editor : बात हो गयी ?,,,याने हादिसा या एक्सीडेंट भी नहीं कह सकते ?

Prince : बात को समझिये मिस्टर अय्यर ,,,I don't have much time,,, और हाँ ! कुछ दिनों में कोर्ट में इस केस की हियरिंग है...तो देखिये कि ये एडिटोरियल या तो उसके एक दिन पहले आ जाये या उसीदिन सुबह आ जाये ताकि इस केस के फैसले में थोड़ा favourable फ़र्क़ पड़े...समझे न आप ?

Editor : I see ! आप दो बातें कहने वाले थे,,,,तो आपकी दूसरी बात क्या है ?

Prince : कल शाम को फिल्म स्टार शफी शेख ताज में एक कांफ्रेंस कर रहे हैं...वो फिल्म के इंटरनेशनल अवार्ड्स लांच कर रहे हैं उसमें I want कि आप उसमें जाएँ.

Editor :(Taps his head) Fim awards function !

Prince : जी , That's all. Thank you.

Phone gets disconnected.

Heroine: मुझे बात करने देते,,इतनी बड़ी P R Agency है,,,में उनसे कहती कि मुझे आजकल इतने कम Ad Endorsements क्यों मिल रहे हैं,,,एड्स ही में तो पैसा है.

Editor : आपके मेंटोर शफी शेख का कार्यक्रम है कल.

Heroine : वो बुड्ढा.

Editor : ठीक है तो आप चलिए,,,,,, Thank you,,,,,,मैं इस Advertorial (emphasizing on the word)पर लगूँ.,,Thank you Bobby ! Thats all Madhu Shri ji.

Heroine and Bobby say bye bye and leave.

As these two are leaving three Neta type people storm in .(one in pyjama-kurta-ganchha another in white trouser and half blue shirt and the third one in Aligarhi payjama and a kurta with a Gandhi topi...BUT the performers can vary this attire as per the ideology they wish to portray) They wish the editor while entering.

One : Editor साब नमस्कार !

Two : आदाब अर्ज़ है सर !

Three : जय भारत माता !

Editor is taken aback, surprised but seems to know these guys.

Editor: अरे इतने सारे politicians एक साथ ,,,,अचानक !

One : क्या करेगा साब,,,,,,वो देखो अनशन पे बैठा है,सर्कार को धक्का दे रहा है और आप उसी के फेवर में लिख रहे हैं.

Two : देखो साब,,,,ये चालू सर्कार जो है न,,,,,ये जानी चाहिए वो ठीक है लेकिन उस लुच्चे लफंगे अनशन वाले के प्रयत्न से नहीं जानी चाहिए.

Editor : हम तो सिर्फ facts report कर रहे हैं.

Three: (Little harshly) Facts report कर रहे हैं ?!,,,,,, अरे उसके आंदोलन में लंगर लगे हुए हैं,भजन मंडलियां आ के बैठी हैं, सर्कार के भ्रष्टाचार को उसने लोगों के मन में पक्का बैठा दिया है और आपने उसी के फेवर में न्यूज़ चला चला के उसका एजेंडा घर घर पहुंचा दिया है,,,,तो ये सर्कार गई तो लोग तो उसी अनशन वाले की सर्कार चुनेंगे न...!

One : (chukles) और अगर उसकी सर्कार चुन ली गयी तो हम क्या करेंगे ,,,,थाली बजायेंगे,दिया जलाएंगे कि मच्छर भगाएंगे ?

Editor : तो मैं क्या करूँ ?

One : लो !,,,,, तो मैं क्या करूँ ?!!

Two : ये बोलते हैं ,,, तो मैं क्या करूँ ?!!

Three : अरे हम लोगों के फेवर में माहौल बनाओ,,,पेपर का काम है वो !

Editor : आप अलग अलग पार्टी के लोग हैं ,,,,आज आप क्या सब आपस में गठबंधन कर के आये हैं ?

One : अरे गठबंधन आजकल शादी का नहीं चलता तो हमारा क्या चलेगा,,,हं हं हं हं !

Editor: तो ?

Three : अरे बॉस ,,,,हम सब साथ में आये हैं,,,ये कहने कि आलोचना करो,उसका भ्रष्टाचार का मुद्दा उजागर करो पर इस अनशन वाले झंडू को ईमानदार बताना बंद करो...

One : लिखो कि सर्कार चोर है,,,पर विकल्प हम हैं.

Two : Correct ! लिखो कि झंडू का बैकग्राउंड क्या है,,,,ये अनशन करने वाला ईमानदारी की बात करने वाला स्वयं कितना बड़ा चोर है .

One : सत्ता में आये तो हम आपका ख्याल रखेंगे,,,,आप चिंता मत कीजिये.

very abruptly Singhania enters the cabin ,sees these people,pauses a minute,everyone says ‘Namaste’ to him and stands up.Singhania nods.

Singhania : (sits down) क्या हो गया ?

Editor : ये आये हैं कहने की अनशन वालों कीखबरें छापना बंद करें ,,,,,इनकी ख़बरें छापें !

Two : नई नई ,,,ऐसा नई,,,,

Singhania : क्यों ?,,,,झंडू अनशन पे बैठा है वो न्यूज़ है....हम छापते हैं,,,,

One : हमारा भी तो ख्याल करो,,,!

Singhania : आप अनशन पर बैठ जाओ आपकी न्यूज़ छप जाएगी.

Two : हमारी सोचो, हमारी !

Singhania: तो उसमें हमारा क्या ?

One : मने ?

Singhania: मने हम क्यों आपको सपोर्ट करें ?,,,,वो अनशन पे बैठा है,उसके पास International funding है,,,,,,उससे Promise किया गया है कि अब के उसकी सर्कार लाइ जाएगी .

Three: हूँ ! तोवो तुम्हें Funding में से दे रहा है ?

Singhania: ज़रा सोचो,,,उसकी सर्कार आने वाली है तो हमारा फायदा है कि नहीं.

Three : हमारी सरकार आयी तो हमसे भी आपका फायदा ही होने वाला है.

Singhania : वो जब आएगी तब की बात है .

One : (softly) वैसे उसको कितनी फंडिंग आयी है ?

Singhania: तुम लोग चिंता मत करो,,,,,इलेक्शन टाइम पे मैं कुछ ऐसा करता हूँ कि सारे समीकरण बदल जाएँ .

One : जो करना है हमारे फेवर में करना,,,, (Points to his two accomplices) ये दोनों तो Proven भ्रष्ट पार्टियां हैं .

Two/Three : (Almost together, and ready to pounce on One).. क्या बोलता है बे ?

One : क्यों तुम्हारे ऊपर ISIS से 1600 करोड़ लेने का आरोप नई है ?

Three : और तू जो जॉर्जी से Donation लेता रहता है वो? तू तो Trained ही उधर हुआ है.

Two : एडिटर साब ! ये दोनों बदमाश हैं,,,ये वोट एक से लेते हैं सेवा दूसरों की करते हैं,,,,,,We are the only honest Party.

Editor taps his head and shakes it in disgust.

One : (softly to Singhania) अभी आप बोला इलेक्शन टाइम में मैं कुछ करता हूँ जिससे सारे समीकरण बदल जायेंगे ....इसका क्या मतलब ?

Singhania: ये झंडू फंडू का अनशन भूल जाओ, ये फसाड है ,,,एक पार्टी ने उसे खड़ा किया है ताकि प्रेजेंट सर्कार बदनाम हो जाये.... जब ये सर्कार गिर जाएगी तो वो लोग इस झंडू को हटा कर खुद सर्कार बनाएंगे.

Two : ये बता कर आपने कौन सा तीर मारा,,,,,हम पॉलिटिशियन ये बात नहीं समझते क्या ?

Singhania : (Little sternly) तुम लोग बच्चे हो ,,असली पॉलिटिशियन हम हैं. हम लोगों का मन बनाते हैं,हम जुडिशरी के फैसले इन्फ्लुएंस करते हैं,हम तुमको मुद्दे देते हैं, दुनिया को दिशा देते हैं,,,,,,,तुम सिर्फ गाल बजा कर खुश होते रहते हो..पेपर वाले पॉलिटिशंस के गुरु हैं,,,,,तुम बच्चे हो.

All three look at each other, a little bewidered.

Singhania: आप लोग आये,धन्यवाद !,,,आप चलिए,,,ये अख़बार का दफ्तर है कोई सार्वजनिक कॉफ़ी हाउस नहीं है,,,,,OK ?!

Three politicians, unhappy, but nod and leave gesturing 'Bye' to editor and Singhania. Both nod, After these three leave Singhania gets up, rubs his palms and speaks.

Singhania: Ok,,,Time for some Golf !....Alright !

Singhania leaves.

Quiet for a while.

Door of the cabin opens abruptly.

Pandu along with a decent normal person- in a trouser and a T-Shirt –both totally agitated and in argument with each other enter the cabin.

Pandu : अरे अरे,,,,,किधर घुसता आता हय तुम ?,,,बोला न साब बिजी हय .....

Man : Busy ? My foot !

Editor: क्या बात है ?

Man : बात ? तुम पूछते हो बात क्या है?

Editor : OK,,, झगड़ा क्या है ?

Man : तुम्हारे ऑफिस की गाडी मेरी पार्किंग में खड़ी है .

Editor : Building की पार्किंग है .

Man : हाँ, तो बिल्डिंग की पार्किंग है....मेरी पार्किंग में रोज़ गाडी खड़ी कर देते हो ,,,मैं एक दिन नहीं बोला दो दिन नहीं बोला,,महीने भर से तुम रोज़ यही करते हो......मेरी साइलेंस को तुम कमज़ोरी समझते हो ?

Editor : भाई साहेब, इस बिल्डिंग में डेडिकेटेड पार्किंग तो है नहीं .

Man : डेडिकेटेड इस देश में क्या है..? ,,अं.....क्या है ? सब कुछ Understanding और Prescription से है,,,,तो ?

Editor : कहीं तो गाडी खड़ी करना पड़ेगी.....सड़क पे तो पार्किंग नहीं कर सकता.

Man : तो मत आओ गाडी से,,,,या पार्किंग लॉट में पार्क कर के आओ .

Editor : किधर है पार्किंग लॉट ?

Man : है न.....सर्किल में पार्किंग है,,,वहां करो पार्क.

Editor : यहाँ से डेढ़ मील दूर !

Man : तो,,,मेरा क़ुसूर है ?

Editor : देखिये,,, डेडिकेटेड पार्किंग तो है नहीं,,,, तो आप ही कहीं इधर उधर गाडी पार्क कर देते .....

Man : (irritated) कर देता.....मैं तो पेवमेंट पे भी गाडी दबा देता ,,,लेकिन आपने पेवमेंट देखा है ?,,,एक तो उसके दोनों तरफ के टाइल्स निकले हैं,,,गड्ढे ही गड्ढे पड़े हैं,,और दूसरे सुबह सुबह लोगों ने कुत्तों को घुमा घुमा कर हगा रखा है,,,,,,गाडी छोडो पैदल भी चलना पाप है...

Editor : तो फिर बताइये मैं क्या करूँ ?

Man : आप गाडी हटाइये नहीं तो मैं पुलिस को बुलाऊंगा

Editor : पुलिस अख़बार वालों की गाडी हटवायेगी ?

Man : उसका बाप भी हटवाएगा

Editor : अच्छा !

Man : आप पेपर वाले हैं तो मैं भी सोशल वर्कर हूँ

Editor : पेपर की ज़रुरत तो आपको भी पड़ती है...

Man: मुझे पेपर की ज़रुरत नहीं पड़ती,,,,,मुझे फण्ड की ज़रुरत पड़ती है,,,,

Editor : फण्ड से गाडी कैसे हटेगी?

Man : नेता हटवाएगा !

Editor : आप नेता को ब्राइब करेंगे?

Man : वो already bribed होते हैं ,,उनको मुझे ब्राइब करने की ज़रुरत नहीं है

Editor : तो फिर ?

Man : हमारी पैठ पब्लिक मैं है,,नेता जी को पब्लिक के वोट से मतलब है,,वोट हम इन्फ्लुएंस कर सकते हैं,,इसलिए मैं नेता से कह कर आपकी शिकायत करूंगा वो पुलिस से आपकी गाडी हटवाएगा

Editor : ठीक है,,,,,,,कीजिये शिकायत .

Man : याने आप गाडी नहीं हटाएंगे !

Editor : आप धमकी देना बंद करेंगे !

Man : (sheds his anger) मैं धमकी नहीं दे रहा हूँ,,,,,probability समझा रहा हूँ.

Editor : इस देश में probability काम करती है?

Man : इसीलिए तो आपसे रिक्वेस्ट करने आया हूँ..कि अपनी गाडी कहीं और खड़ी किया कीजिये....आप तो सुबह आ के शाम को चले जाते हैं,,,मैं तो यहाँ रहता हूँ...मेरी पार्किंग को क्लियर रखिये,,,,

Editor takes out the car keys, gives them to Pandu and tells him...

Editor : .... हटवाओ ...!

Pandu takes the keys but stays.

Man : आप मेट्रो से क्यों नहीं आते,,,,इतने ट्रैफिक में गाडी से क्यों आते हैं..?

Editor : मेट्रो से आने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती है,,,,घर से रिक्शा लो ,मेट्रो स्टेशन तक आओ, फिर मेट्रो से उतरो तो टैक्सी लो क्योंकि बम्बई सिटी में तो ऑटो मिलेगा नहीं........टैक्सी इतने छोटे डिस्टेंस के लिए कोइ आती नहीं..तो पैदल आओ..फिर पसीना बहाते हुए ऑफिस आओ तो हाथ धोने को भी इस बिल्डिंग में पानी नहीं ,,,,,इसलिए....

Man : अच्छा आज चलने दो....कल से आप पार्किंग कहीं और करना...

Editor : इसके लिए मुझे सुबह नौ से पहले ऑफिस आ जाना पड़ेगा,,,नहीं तो सब भर जाता है....

Man : तो आ जाओ

Editor : काम तो पेपर में दोपहर के बाद शुरू होता है....

Man : दिन भर कोई काम नहीं है तो शाम को आओ...

Editor : मैं गाडी हटवाता हूँ...

Man : जल्दी करना वरना दो बजे से पेवमेंट पर भेल पूरी वाला ठेला लगाता है,,,,,तो बची खुची जगह भी नहीं मिलेगी...

Editor : क्या मुश्किल है !

Man : तो तुम पेपर में लिखता क्यों नहीं कि जब सड़क नहीं है, पार्किंग नहीं है तो इतना गाडी काय को बनाता है..पब्लिक ट्रांसपोर्ट को क्यों डेवेलोप नहीं करता है....

Editor : आप पेपर पढ़ते हैं?

Man : कभी कभी..

Editor : पूरा ?

Man : थोड़ा थोड़ा ...

Editor : सरकारें भी सिर्फ अपनी तारीफ वाली ख़बरें ही पढ़ती हैं....उन्हें जनता, सुविधा इत्यादि से कोई,,,

Man : (interrupts) सरकारों को छोडो ..वो सिर्फ अपना सोचती हैं,,हमारी तरह पब्लिक अवेयरनेस क्रिएट करो ,,,सोशल ग्रुप्स तैयार करो.....लोग ही देश में कुछ कर सकते हैं....

Editor : तो फिर हम नेता, सरकारें चुनते क्यों हैं ?

Man : क्योंकि हम Borrowed perceptions पे काम करते हैं...वो ऐसा करता है इसलिए हम भी वैसा ही करेंगे....डेमोक्रेसी को अच्छा कहा गया है इसलिए हम भी डेमोक्रसी बनेगे ....हममें न अपनी बुद्धि है न अपनी क्षमता का एहसास न आत्म सम्मान की दृढ़ता .....

Editor : याने हम और जानवर एक जैसे हैं !

Man : जानवर हमसे अच्छा है.

Editor : क्योंकि वो दूसरे की पार्किंग मेंजा कर नहीं बैठता ,,,हं हं हं ...

Man : I don't get your sense of humour ... आप तो गाडी हटवाइये...

Editor : OK..Pandu,,,, किसी से कह के गाडी हटवाओ ..

Man : Thank you..

As the Man is about to leave a Maulana- with proper islami beard, pyjama and topi- barges into the cabin...

Maulana : जनाब ए वाला

Editor : (surprised) कहिये

Maulana : गाड़ियां हटवाइये ....

Editor : आपकी भी पार्किंग है क्या ?

Maulana : नहीं जी,,,आज जुमा है,,,,नमाज़ के लिए सड़क खाली करवानी है....

Editor : सड़क तो खाली है....

Maulana : भीड़ ज़्यादा है ..पार्किंग ,पेवमेंट सभी जगह की ज़रुरत होगी,,चटाइयां वटाइयाँ भी हों आपके पास तो वो भी दे दीजियेगा काम आएंगी...

Pandu,Editor and the Man look at each other, dumb founded.

Maulana leaves the cabin while speaking in loud ,ordering tone

Maulana : जल्दी करिये,,नमाज़ का वक़्त हो रहा है....

Maulana leaves.Man also says bye bye and leaves. Pandu shows the keys to the editor,puts them in pocket and leaves. The editor is left alone in the cabin.He looks at the watch then checks his cell phone. There are messages.

First message- Lady's voice (wife)- तुम आज टिफिन ले जाना भूल गया जी ! भूल गया....अइय्यो...क्या बोलेगा....मॉर्निंग को कितना चिकिरम चिकिरम...क्या बोलेगा.......सो सॉरी....आज फिर तुम कैंटीन में खाना खायेगा ..I feel sooo bad !

Second message - Male voice - Sir, This is from the Society security office... एक कूरियर आया है.... एंट्री पोस्ट पे रखा है..आप वापस आते समय ले लीजियेगा. Thank You.

Editor puts his phone back. Takes deep breath. Writes something.Streches his arms and yawns. While he is half way in his yawn Pandu enters the cabin.

Editor is not happy to see Pandu. Speaks to Pandu.

Editor : (irritated) क्या है ?

Pandu : (enjoys, sings a song a la .. में तो साला साहेब बन गया) अब तो बाबूसाहेब आ गया !

Editor : अरे यार,,,,,, भेजो.!

Pandu goes out of the cabin, enters with a white man in dusky shorts and an untidy T shirt. he is escorted by an Indian officer who is in a proper suit and tie. The Indian officer introduces himself to the editor. Pandu stands still.

Officer: Good afternboon Mr Editor,,,I am from the government Beureocracy ,,,,This is Mr Bunco Thiggins,,,,, मंत्री जी ने इन्हें आपसे मिलने के लिए भेजा है .

Editor : क्यों भेजा है?

Officer: ये हमको अलग अलग सोशल स्कीम्स के लिए पचास बिलियन की ऐड दे रहे हैं.....इनके प्रोग्रामों के बारे में ज़रा पब्लिक अवेयरनेस पैदा कीजिये,,,,अपने अख़बार द्वारा.

Editor: तो पेपर में ऐड दीजिये, मै क्या करूँ.

Officer: ये काम हम ऐड से नहीं न्यूज़ से करवाना चाहते हैं ,,,मंत्री जी की सिंघानिया साहेब से बात हो चुकी है ......लोगों का मन बनाना है,,,,,,, Indirectly उनका confidence जीतना है .

Bunco : (Streches his hand towards editor) Hi !......Bunco Thiggins !

Editor observes Thiggins and his dirty hand,shabby clothes...shakes hands with him reluctantly, gestures both of them to sit. Tells Pandu to send Jha inside.

Pandu: (observs the guests and leaves) हो !

While guests make themselves confortable,Jha enters.

Editor : Mr Jha is very senior in our office and is an expert in Social programmes and Mr Jha ये हैं.. Bunco Thiggins and this is a senior govt officer.

Jha : Bunco भी और Thiggins भी !

Bunco : (extends his hand to Jha) Hi, I am Bunco Thiggins.

Officer doesn't bother to wish Jha.

Jha : Right,,, बको !

Officer : (little offended) Mr Jha ये इंटरनेशनल डोनर हैं हमारे,,,इनका नाम बको नहीं Bunco है.

Jha: तो ये चाहते क्या हैं ?

Officer : ये पचास बिलियन दे रहे हैं हमारे देश के Education, Agriculture, Family Planning जैसे प्रकल्पों के लिए,,,,

Jha : हम लाखों सालों से कृषि प्रधान देश हैं ,,,,,ये अभी 150 साल से तो सभ्यता सीखे हैं,खेती करना सीखे हैं,,,,,,,ये हमें Agriculture में क्या सिखाएंगे ?

Bunco : Ya,,,ya,,,,Agriculture, Right !

Jha : और गोरे के यहाँ तो फॅमिली बची ही नहीं है,,,ये हमको Family Planning क्या सिखाएंगे ?

Editor : ये सिखाने नहीं आये हैं,,,,ये फण्ड करने आये हैं .

Jha : फण्ड करेगा तो हमारे प्रोग्राम में ऊँगली भी करेगा.

Officer: हम भारतीयों को इन विदेशियों से वैसे भी बहुत कुछ सीखना है .

Jha : तुम तो हो......खैर छोडो ! क्योंकि तुम न अपनी विद्या जानते हो न अपना कल्चर जानते हो, रट्टा मार के Competition पास करके बन गए अफसर,,,,,तुम क्या जानो भारतीय विद्याओं में क्या क्या है !

Officer : कभी रही होगी ये विद्या,,,अब तो कोई विद्या नहीं है.

Jha : क्या ये तुम जैसे अफसरान का काम नहीं था के अपनी धरोहरों ,,,अपनी विद्या का संरक्षण करते ? लेकिन तुम तोअफसरी के नशे मै मस्त हो,,तुम क्या जानो भारतीय विद्याओं में क्या ज्ञान है....अब तो Cambridge University जिसकी तुम पूजा करते हो वो भी कहती है कि Newton ने Law of Gravity का ज्ञान भारतीय विद्याओं से लिया.

Officer: हमें मत सिखाइये ....मत भूलिए देश हम ही चलाते हैं .

Jha : इसीलिए ये हाल है .

Officer: दुनिया के साथ चलना है तो विदेशी लोगों को समझना पड़ेगा और उनकी विद्या भी जाननी पड़ेगी.

Jha : बता तो रहा हूँ उनकी विद्या की असलियत.

Officer : (to Editor) Who is this trouble maker ?,,,Anyway,,,,, I am leaving..... आप लोग इनकी बात समझ लीजिये फिर न्यूज़ बनाइये .

At this point Bobby enters the cabin.

Editor : Mr Thiggins,,,what do you wish to do in the domain of education?

Bunco : Higher education.

Jha : कल तो ABCD सीखे हैं,,,,,,, आज Higher Education fund करेंगे !

Bunco : (Nods) That's right ,,,Higher education !,,,That's right !,,,Higher Technical education, Medical education.......

Bobby : ये सब एजुकेशन से तो इन्हीं के देशों को फायदा होगा....यहाँ पढ़ेगा और ब्रिलिएंट होगा तो नौकरी इनके देश में करेगा,,,मेहनत हमारी,फायदा इनका.

Jha : वो तो इनका एजेंडा होता ही है.

Editor : इसमें इनका क्या कुसूर है ,,,हमारी अथॉरिटीज भी तो इनके आगे बिछी होती हैं....पढ़े लिखे ब्रिलिएंट स्टूडेंट्स हर तरह से रिजर्वेशन से जूझते जूझते हार जाते हैं और जो नेता लोग देश बचाने के नाम पर चुन के आते हैं,,वो तो खैर,,,,

Bobby : सर सच तो ये है कि चाहे कोई तीन महीने का कोर्स भी वेस्ट से कर के आता है तो उसकी पूंछ होती है.

Jha : जो Obvious है उसकी बात क्यों करते हो ?

Bobby shuts up.

Editor : Mr. Thiggins, there is much more illiteracy in many other parts of the world,,,,,why do you not donate your money there?

Bunco: I love India…India is a laboratory ,,,we believe that if something can work here it can work anywhere. Your authorities are also very supportive of us.

Jha : Are you saying they could be beneficiary to a part of your 50 million ?

Bunco : (laughs) You are doubting their honesty and human instinct !!!

Editor : So you are doing it because you love India ?!

Bunco : True.

Bobby : They all love India ,,,Indian food, Indian weather, Indian lifestyle, Indian women, Indian luxuries, Indian,,,,

Editor : (cuts him short) जो कहने समझने की बात नहीं रही उसे क्यों उखाड़ते हो ?!

Bunco : Medical care is another domain.

Editor: 50 million for all these projects ?

Bunco : No,,,,No,,,,50 million for each of these projects,,,Total 4 billion is my grant.

Editor: Give us some background material about your company and yourself.

Bunco : (chuckles) That officer will give you,,, Now I want to go and eat some Paani Poori,,,,,,you know those round round ping pong balls which you fill with some flavored

dirty water,,,(slaps on the shoulder of Bobby),,,You are a young man,,,,Come with me….we will go eat Paani Poori.

Bobby laughs it off.

Editor : I have been told that you want to vaccinate our young girls in order to prevent them from some disease later in life ?

Bunco : (seriously) Yes,,,,,That is very important programme…

Door of the cabin opens and enters Bhomik who comes, stands and observes.

Jha : उससे तो कहते हैं लड़कियों की प्रजनन क्षमता घट जाती है !

Bunco : What is pr,, ja,, sham ?

Editor : प्रजनन क्षमता,,,,,ability to produce children.

Bunco : There is no study to prove that this reduces the reproducing power,,,But It is to prevent them from deadly deseases later in life.

Jha : later in life !

Bhomik : कुछ दिनों पहले एक और टीका लेने का चलन चला था उससे जो अच्छे भले बच्चे थे वे भी बीमार हो गए थे,,,,,जीवन भर बेकार हो गया था उनका,,,,,

Bunco : बेकार हो गया,,,,,NO,,,,No,,,,That is all बकवास .

Jha : अरे वाह ! बकवास करता भी है और बकवास का मतलब भी जानता है !

Bunco : हा हा हा हा ,,,,टोरा टोरा जानता है,,,,,,सीखता है,,,,,

Editor : Vaccination का साइंटिफिक प्रूफ ,कोई लैब रिसर्च फाइंडिंग्स कोई लिटरेचर कुछ है जो आप शेयर कर सकते हैं.

Bunco : That officer has everything,,He will give you.

Editor: He is a big shot in that office,,,will he have the time?

Bunco : Oh Rubbish ! He is a servant ,,ordinary servant ,,I have seen him standing for orders in Minister's office...And Minister is a friend of mine.

Editor : Minister is a friend of yours ? You have known him for sometime?

Bunco : No,,,recently ,,When I announced the Grant ..He has become my friend. He is asking me if his son can be admitted into one of our big univesities, I am helping him.

Jha : 50 Billion में से भी हिस्सा होगा महाराज का .

Editor : वो न कोई बताएगा न छापेगा न हमें उससे कोई मतलब है .

Jha : मिस्टर बको !

Bunco : Bunco !

Jha : yes,,yes,,, बको,,, आपका एक अहम् एजेंडा जो हमें बताया गया है वो

है G M Foods और Artificial Meat इत्यादि...

Bunco : Not artificial,,,Cultured meat !

Editor : क्यों promote कर रहे हैं आप ?

Bunco : क्योंकि in sometime गाय तुम्हारा बचेगा नहीं,,,,सब हम लोग के यहाँ बीफ बनाके तुम बेच देगा ,,,, environment में इतना प्रॉब्लम है कि Birds मर रहा है , animals मर रहा है,,,,, मीट बचेगा नहीं ,,खायेगा क्या ? तो Cultured meat is the only hope.

Jha : क्यों green vegetables ?

Bunco : Too much pesticides Mr Jha.

Editor : फिर भी आप इस ग्रांट में G M foods और फसलों के फ़र्टिलाइज़र को Promote कर रहे हैं .

Bunco : Now there is no going back . Anyway there is a lot that we are doing for your country so you should understand what we are doing from that officer or if you like the Minister.

Editor : Minister तो हमसे मिलता ही नहीं .

Bunco : Oh I will tell him.

Editor : (getting bored),,Well,,,,Good we met.

Bunco : (looks around the office) आपका ऑफिस बहुत (gestures dirty) आपके लिए भी ,,,,,कुछ डोनेशन देना पड़ेगा....हं हं हं हं ....

Jha : अब ये हमारा पेपर चलाएगा !

Editor : Discuss this with your Mnister friend (stands up from his chair) Any way,,,nice meeting you Bunco,,,(Shakes hand).

Bunco shakes hand with editor and others.

Bunco : Alright then,,,Bye Bye.

All say bye bye. Bunco leaves, Jha and Bobby leave with him. Editor sighs relief. Bhomik is a little behind and is about to reach the exit door,,,just then a man in a Kurta Payjama enters. Bhomik notices him, stands to see who he is and why he is here.

Bhomik : Yes ?

Man : गधा !

Bhomik : (checks at the door and speaks) गधा ?,,,, वो तो अभी गया !

Man : (to Editor) मेरा गधा मर गया है.

Bhomik : (surprised) गधा मर गया है.?

Man doesn't pay attrention to Bhomik.

Editor : तो यहाँ क्यों आये हो ?

Man : उसका शोक समाचार छपवाना है .

Bhomik : (explains to editor) Obitury !

Editor : तो ऐड डिपार्टमेंट में जाओ,,,,

Bhomik : (to man) तुम्हारा गधा जो मर गया है वो गधा गधा था या इंसानी शक्ल का गधा था ?

<u>Man</u> : (little offended) मेरा गधा खालिस गधा था .

<u>Bhomik</u> : तो उस खालिस गधे की आप obituary क्यों छपवाना चाहते हैं ?

<u>Man</u> : क्योंकि वो दुनिया का नायाब गधा था जो अपने को विश्व का सबसे आला गधा मानता था और वो International Association of गधास का इकलौता हिंदुस्तानी मेंबर था.

<u>Bhomik</u> : तो आप International Association of गधास की तरफ से आये हैं ?

<u>Man</u> : (a bit irritated),,,, यार,,,,वो मेरा गधा था,,,,,उसे एसोसिएशन के लिए सबसे ज़्यादा वोटों से चुना गया था,,,,वो यदि झूठ बात पर भी रेंकता था तो भी ऐसे रेंकता था की जैसे वही सच बात है..

<u>Editor</u> : Cut the crap,,,,,, आपको obituary छपवानी है तो आप ऐड डिपार्टमेंट में

जाइये,,,,,यहाँ हमारा टाइम मत बर्बाद कीजिये....

<u>Man</u> : मैं गया था ऐड डिपार्टमेंट में,,,,वहां कोई ऐड लेने को तैयार नहीं है.

<u>Bhomik</u> : (surprised) अरे,,, क्यों ? obituary तो कुत्तों ,बिल्लियों और खरगोशों की भी लोग छपवाते हैं,,,फिर ये तो गधा है !

<u>Man</u> : उन्होंने कहा तुम्हारा गधा क्योंकि इंटरनेशनल था और सर्व सम्मति से चुना हुआ इंटरनेशनल एसोसिएशन का मेमबर था इसलिए उन्होंने कहा पहले इसका डेथ सर्टिफिकेट एसोसिएशन वालों से एन्डोर्स करवा कर लाओ वरना हम कैसे यक़ीन करें कि ये मर गया है .

<u>Bhomik</u> : तो लाओ !

<u>Man</u> : गधा घूमता बहुत था ,,,सो वो जा के स्विट्ज़रलैंड में मरा......अब में वहां कहाँ से डेथ सर्टिफिकेट लाऊँ ?

<u>Bhomik</u> : I see !

<u>Man</u> : स्विट्ज़रलैंड वालो ने कहा कि इसके बैंक में यहाँ बहुत पैसा जमा है....इसलिए हम बगैर नॉमिनेशन के उसे मरा हुआ घोषित नहीं कर सकते.

<u>Editor</u> : (irritated) तो यहाँ क्यों आये हो ?

Man : इसलिए आया हूँ कि आप उसकी डेथ की अगर एक न्यूज़ छाप दें और उसके उत्तराधिकारी के रूप में मेरा नाम छाप दें तो मैं स्विस बैंक को समझा दूंगा.....डेथ सर्टिफिकेट ले लूँगा,,,,,,वहां से अपने गधे का पैसा भी ले लूँगा और फिर आपके पेपर में obituary भी छपवा लूँगा .

Bhomik : (claps) Brilliant ! लेकिन आपके गधे ने इतने पैसे कमा कैसे लिए ?

Man : इतने पैसे ?,,,इस बेचारे के पैसे तो कुछ हज़ारों में हैं,,,,लाखों करोड़ों तो आजकल इंसानी शक्ल के कितने ही कमा लेते हैं.

Bhomik : पैसे हज़ारों में हों, लाखों मैं हों ,,,,हैं तो उसी गधे के,,,उसका पैसा तुम क्यों लेना चाहते हो ?

Man : मेरी responsibility है.

Editor : तुम्हारी क्या responsibility है ?

Man : देखिये,,,,,मेरा गधा Indian Society of International गधास के लिए Donation लेता था,,,,,,, Weaker section की मदद के लिए....

Bhomik : गधास मैं भी weaker section है ?

Man : तो मेरी responsibility है कि मैं वो पैसा Association of गधास के इंडियन ऑफिस मैं दे दूँ .

Bhomik : उनके पास हिसाब होगा,,,,,वो खुद ले लेंगे.

Man : यही तो बात है,,,,,उसने पैसा कितना है,कहाँ से आया,किसलिए आया ये सब किसी को भी बताने से इंकार कर दिया था,,,,इसके बारे में only he knew .

Bhomik : तो तुम India office of International Association of गधास से application move करवाओ ,,,,,हम कुछ नहीं कर सकते.

Man : अगर में कोर्ट में केस डाल दूँ तो हियरिंग से पहले क्या आप पेपर में इसकी न्यूज़ दे कर हमारे केस को मज़बूत बनाने में मदद नहीं करेंगे? After all an Indian गधा was shining star in the world sky!,,,,ये फख्र की बात नहीं है ?

Editor : Bhomik ! Enough of this nonsense!

Bhomik : (to Man) आओ चलो,,,,, मेरे साथ चलो,,,,,,

Bhomik tries to escort him out. The Man resists. He faces Bhomik and the Editor and utters in protest.

Man : आप मुझे निकाल रहे हैं क्योंकि मै सीधा शरीफ आदमी हूँ,,,लेकिन देख लेना कल मेरे गधे का सम्मान के साथ जब झंडे में लपेट कर संस्कार किया जायेगा तब आप ही मेरे गधे की तस्वीर भी छापेंगे और उसकी फ्रंट पेज पे न्यूज़ भी छापेंगे.

Bhomik : (satirically) अच्छा !,,,, सरकारी सम्मान के साथ !,,,झंडे मै लपेट कर !

Man : क्यों ? झंडे में लपेट कर तो आजकल नाचने गाने वालों का भी संस्कार किया जाता है,,,,,,फिर मेरा गधा तो International भी है और Politically connected भी !

Bhomik gestures to door and walks out with him.

Editor sighs relief.

Just as he stretches and gets back to some work on his table 5-6 people suddenly barge into his cabin. Editor is aghast. These intruders take their position and start singing slogans lyrically.

One : नहीं चलेगी ,,,,नहीं चलेगी ,,,,

Others repeat : नहीं चलेगी ,,,,नहीं चलेगी ,,,,

One : प्रदेश हमारा भाषा तुम्हारी,,,नहीं चलेगी ,,,नहीं चलेगी....

Others repeat : प्रदेश हमारा भाषा तुम्हारी,,,नहीं चलेगी ,,,नहीं चलेगी....

This goes on for three four times. Editor is bewildered as to what is happening and who these people are. The intruders dance in choreographed movements while singing these slogans. They sing again for two three times and quite loudly. Door of the cabin opens and enter Jha,Bobby and Bhiomik inquisitively to check what the noise is about.

Editor : (to intruders) ये क्या लगाया है?,,,कौन हो तुम लोग ?

Intruders do not take notice of his question. They continue dancing and singing slogans. Listening to this noise Pandu also enters the cabin and is surprised to see this crowd. Pandu seems amused.

<u>Editor</u> : (shouts) ये क्या तमाशा है ?

<u>Three</u> : (lyrically) त,,,मा,,,,,,शा,,,,,,हा हा हा,,,

<u>All intruders</u> : (repeat after him) त,,,मा,,,,,,शा,,,,,,हा हा हा,,,

All intruders now start shouting and repeating slogans

<u>One</u> : नहीं चलेगी ,,,,नहीं चलेगी ,,,,

Others repeat.

<u>Four</u> : प्रदेश हमारा भाषा तुम्हारी,,,नहीं चलेगी ,,,नहीं चलेगी....

Others repeat.

Pandu enjoys this and joins the intruders and starts singing.

<u>Pandu</u> : नहीं चलेगी,,,नहीं चलेगी,,,,तेरी सरगम नहीं चलेगी,,,नहीं चलेगी,,,नहीं चलेगी.... (a la song from 1976 I S Johar movie 'Sargam')

Seeing Pandu singing all intruders stop, look at Pandu. One intruder taps Pandu on his shoulder , Pandu gestures "What ?"

<u>One</u> : तू हमारे साथ है ?

<u>Pandu</u> : तू है क्या हमारे साथ जो मै तेरे साथ होऊं ?

<u>Two</u> : (to Pandu) अबे ओ खोटे सिक्के !

<u>Pandu</u> : बोल फटे नोट !

<u>Two</u> : (warning) ऑय !

<u>Three</u> : अबे ओ चिल्लर ! ,,,,हम यहाँ सीरियस बात कर रहे हैं और तू पुरानी फिल्म का गाना सुना रहा है !

Pandu : तुम बोला नहीं चलेगी,,,,,,हम भी बोला नहीं चलेगी,,,,,पिक्चर में आई एस जोहर ने गाया इधर हम गाया,,,,,,

Intruders look at each other and then at Pandu . Speechless,

Pandu: (continues) पन इस ऑफिस में नाच गाना अलाउड नई हाय,,,मुझे भी गाना अलाउड नई हय तो तुम कौन हाय ...

One : तुम कौन है ?

Pandu : पाण्डू !

One : पाण्डू ! ,,Shut Up !

Pandu : (almost thretening) अय !,,अंग्रेजी नई बोलने का !

Editor : (Disgusted) अरे तुम लोग कौन हो यार ?

No one listens to the Editor.

Pandu : (continues) ,,अंग्रेजी नई बोलने का !

One : (in self realisation) Oh,,,Sorry !

Three : फिर अंग्रेजी !

Editor : तुम्हारी प्रॉब्लम क्या है ? क्यों घुस आए हो यहाँ ?

Four : (Starts slogan) नहीं चलेगी,,,,,नहीं चलेगी.....

Others : (stop him) ए...बस !

Five : हमारे प्रदेश में हमारी भाषा चलेगी तुम्हारी नहीं चलेगी.

Bobby : Oh !,,, मने ?

Four : मने ये कि यहाँ तुम अंग्रेजी मेंअखबार नहीं निकाल सकते.

Editor : क्यों ?

Five: क्योंकि अंग्रेजी हमारे प्रदेश की भाषा नहीं है.

Editor : अंग्रेजी तो सारे देश की भाषा है.

<u>One</u> : नई नई,,,,,,ये पाश्चात्य भाषा है.

Bobby starts laughing.

<u>Two</u> : कायको?,,,,हंसा कायको ?

<u>Bobby</u> : तुम्हारा संविधान अंग्रेजी में है,तुम्हारी सर्वोच्च अदालतें अंग्रेजी में फैसला देती हैं,तुम्हारी हर बात अंग्रेजी में होती है और तुम कहते हो अंग्रेजी हमारी भाषा नहीं है .

<u>Editor</u> : हम ये अख़बार अंग्रेजी में पिछले तीस सालों सेनिकाल रहे हैं,,,,,,अब क्या हो गया ?

<u>Five</u>: अब हम आ गए हैं !

<u>Editor</u> : तो ?

<u>One</u> : तो एक तो अखबार हमारी भाषा में निकालो...,,और सबसे पहले अपने दफ्तर का जो बोर्ड बाहर लगा है उस पर से अंग्रेजी हटवा कर हमारी भाषा में लिखवाओ....

<u>Editor</u> : मुश्किल है,,,,,,वो हमारा बहुत पुराना बोर्ड है और लोग उसी से हमें पहचानते हैं....

<u>Two</u> : तो उसे हम उतार कर फेक देंगे...

<u>Jha</u> : दादा गीरी है ?

<u>Four</u> : नहीं,,,,नेता गीरी है !

<u>One</u> : (Corrects Four) ,,,नेता गीरी 'है' नहीं,,,,, नेता गीरी 'करनी' है !

<u>Two</u> : Right !

<u>Jha</u> : नेता गीरी करनी है तो बाहर करो यहाँ क्यों आए हो ?

<u>One</u> : यहाँ आए हैं क्योंकि न्यूज़ यहीं से बनती है .

<u>Bhomik</u> : न्यूज़ यहाँ बनती नहीं है,,,यहाँ से न्यूज़ छपती है !

<u>Two</u> : ये बीच में कौन बोला ?

<u>Bhomik</u> : मैं यहाँ न्यूज़ कवर करता हूँ !

<u>One</u> : (Puts his hand on Bhomik's shoulder) हाँ !,,,,,,,तो तू तो काम का आदमी है !

Three : चलो यार जो काम करने आए हो करो और चलो,,,उसके बाद बाहर भी काम है,,,,

Editor : तुम यहाँ क्या करने आए हो ?

One : हम तुम्हारा ऑफिस जलाने आए हैं .

Editor : What ?,,,, हमारा ऑफिस जलाने ?,,,,क्यों ,,?

Two : ताकि तुम अपना अखबार हमारे प्रान्त की भाषा में निकालो.

Pandu : (Laughs) पेपर ही जला दोगे तो न तुम्हारी भाषा बचेगी न हमारी भाषा बचेगी,,,,अखबार ही बंद हो जायेगा.

One : सही पकड़ा ! (To Bobby but pointing towards Pandu) इंटेलेगेंट आदमी है.

Editor : ये ऑफिस जला के तुम्हारा क्या फायदा ?

Five: तुम्हारे ऑफिस से हमारा न फायदा न नुकसान लेकिन इसे जला के हम अपने को नेता सिद्ध करवा लेंगे.

Jha : नेता ?....वो कैसे ?

Four : देख,,,,,,ऑफिस जलेगा,,,न्यूज़ बनेगा,,,,दुनिया पूछेगी किसने जलाया ,,,,हमने जलाया,,,,क्यों जलाया,,,,,अपने प्रान्त की भाषा को प्रोमोट करने के लिए जलाया,,,तो हमारा नाम होगा ,,,,और हम अपने प्रान्त के लोगों के प्रिय नेता बन के उभरेंगे.,,,,,,,हम अपने सप्पोर्टरस को बोल के आए हैं कि हम ये ऑफिस जलाने जा रहे हैं.

Bhomik : याने ये खबर आलरेडी फैल गयी है ?

One : (Full of himself) Of Course !

Five : हम सब काम पक्का करते हैं,,,इस ऑफिस को जलाने से पहले बाहर दो बसें हमारे लोग अब तक जला चुके होंगे .

One : अब हम ये ऑफिस जलाएंगे और उसकी न्यूज़ भी तुम ही अपने अखबार में छापोगे ,,,,,,,हा हा हा हा ,,,,समझे ,,,,हम तुम्हारी (Gestures dirty) और इस्तेमाल भी तुम्हारा ही करेंगे !!

Three : माचिस लाओ.

Two : बॉस लेकिन केरोसिन, पेट्रोल वगैरह तो लाये नहीं.......इतना सब जलेगा कैसे....?

One : तू यार कोई काम सही नहीं करता !

Two : इसीलिए तो मै तुम्हारे साथ नेता बनने आया !

One : चल कोई बात नहीं.

Editor : Hey ! Hold On !,,, तुम ये ऑफिस जलाओगे तो पुलिस कंप्लेंट तो तुम्हारी हम करेंगे,,,पकडे तुम जाओगे, बदनाम भी तुम हो जाओगे,,,,फिर नेतागिरी क्या ख़ाक करोगे !

Five : वो ही तो बात है,,,,पब्लिक में नाम होयेगा न.....पब्लिक नाम पे मरती है,,,,जो अपनी भाषा के सप्पोर्टर हैं वे ये नहीं सोचेंगे कि हमने अच्छा किया या बुरा,,,,वे केवल ये देखेंगे कि हमने उनके सेंटीमेंट्स को समझा ,,,,सप्पोर्ट किया,,,,,,,They will choose us !

Cabin door opens with a bang !

Enters a hassled Singhania.

Singhania : ये क्या सुन रहा हूँ,,,,ऑफिस जलाने कोई आया है ?

Editor : (points to intruders) ये हमारा ऑफिस जलाने आए हैं.

Singhania : क्यों ?

Editor : ये न्यूज़ बनाना चाहते हैं और न्यूज़ के ज़रिये नेता बनना चाहते हैं .

Singhania: हमारा ऑफिस जला के न्यूज़ बनाओगे ?.......और उस न्यूज़ के बूते तुम नेता बनोगे ?

One : Why not ?,,,,,, नेता ऐसे ही बनते हैं.

Singhania: तो चलो न्यूज़ मैं बनाता हूँ !

Two : मतलब ?

Singhania : अरे पाण्डू !

Pandu : होय ,,,

Singhania: अपने लाइटर से आग तो लगाना इन लोगों के कपड़ों में .

One : (arrogantly warning) ए....!

Pandu takes out cigarette lighter and reaches to torch one of the intruder's shirt. He saves himself and runs away.

Five : (scared),,, अरे अरे,,,,,क्या करता है,,,,,?

Singhania: तुम मेरा ऑफिस जला केनेता बनेगा,,,, हम तुम सब को जला केनंबर वन न्यूज़ पेपर बनेगा !

Four : कैसे?

Singhania: जलाओ जलाओ पाण्डू,,,,सबकी शर्ट्स में आग लगा दे.....

Pandu chases the intruders with the lighter, intruders run saving themselves.

One : हमको जला के तुम कैसे नम्बर वन न्यूज़ पेपर हो सकता है? तुम तो मर्डर में जायेगा !

Singhania: मै बताता हूँ,,,,,,हम तुम्हें इंट्रूडर घोषित करेंगे,,,तुम्हें क्रिमिनल और एब्नार्मल घोषित करवाएंगे ,,,हम साबित करेंगे कि तुम हमारे यहाँ आत्मदाह करने आए थे,,,,तुमने अपने को जला लिया,तुम्हारी जान खतरे में पड़ गयी,,,,फिर हम तुम्हें अस्पताल में दाखिल करवाएंगे, तुम्हारा इलाज करवाएंगे,,,उसके बाद तुम्हारे खिलाफ आत्मदाह का केस चलवाएंगे.,,,,,तुम्हें सेव करवा कर , तुमको मेंटली deranged साबित करवा कर हम savior बन जायेंगे ,,,,,ह्यूमन राइट्स के लिए इंटरनेशनल अवार्ड लेकर देश के नम्बर वन न्यूज़ पेपर बन जायेंगे,,,,,,और तुम,,,,तुम पागल,दीवाने क़रार दिए जा कर ,,,,,finish ! ....Finish हो जाओगे !

Staff and Editor are elated. Intruders look at each other.

One : हम पॉलिटिशियन हैं ,,,,हम नेता हैं....तुम पछताओगे !

Singhania : तुम न नेता हो न पॉलिटिशियन हो,,,,,,तुम लुक्के हो,,,,,,हम न्यूज़ पेपर हैं,,,,हम न्यूज़ बनाते भी हैं और न्यूज़ फैलाते भी हैं ,,,,हम पॉलिटिक्स भी जानते हैं और नेता बनाते बिगाड़ते भी हम ही हैं ......कोई नेता हमसे बिगाड़ नहीं रखता.

Intruders look at each other with no answer.

Now Pandu starts humming slowly which gradually grows to becomes singing softly.

Pandu : नहीं चलेगी.....नहीं चलेगी.....

It , very gradually, turns into full-fledged singing.

Pandu : नहीं चलेगी.....नहीं चलेगी.....

Others : join to sing very softly - नहीं चलेगी.....नहीं चलेगी.....

Pandu : leads and others join to sing : नहीं चलेगी.....नहीं चलेगी...../ दादागीरी नहीं चलेगी ,,,,

Gradually the newspaper staff also join in singing. Start moving in circular choreographed movements on stage.

नहीं चलेगी, नहीं चलेगी,,,,

दादागीरी नहीं चलेगी ,,,,!

पेपर से दादागीरी नहीं चलेगी !

Staff of the Paper tease the intruders while singing the following lines :

हम पब्लिक का मत भी हैं और पब्लिक का मन भी ,

दुनिया का ओपिनियन बनवाते हैं हम ही !

हमसे मत उलझो प्यारे,

दाल तुम्हारी नहीं गलेगी !

नहीं चलेगी,,,,नहीं चलेगी ,,,,

Now in the following second stanza Editor and Singhania also join in singing.

हम हैं सदा सर्वदा और तुम आते जाते,

हम राजनीती के पंडित,तुम नेता कहलाते !

छुटभैय्यों की चाल,

बड़े भाई पर नहीं चलेगी !

नहीं चलेगी,,,नहीं चलेगी....

Gradually in the following third stanza the intruders–realising there is no alternative–also join in singing and dancing. They all sing and dance in a circle full stage.

हम तुम दोनों एक थाल के छुरी,कटोरी चम्मच..

तुमसे हम और हमसे तुम हो यही समय का सच !

मिल कर के चलना है हमको,

बात अकड़ के नहीं चलेगी !

नहीं चलेगी,,,नहीं चलेगी...

Circular linear movements turn movements in a row which gradually makes a circle full stage and- while singing - they all gradually exit the stage.

While exiting second last in the row is Singhania and the last is the editor.

Stage is now empty and silent.

Enters Pandu very quietly-foorsteps not making noise- he reaches the editor's desk,looks here and there. Picks up Editor's Topi from his table.

Faces the audience,mischeviously wears the topi on his head.

Pandu -Sings with Pride- (in the tune of song Pardesi Pardesi jana nahi)

Newspaper ,,,Newspaper Zindabad !!

Newspaper,,,,,Newspaper Zindabad !

Door of the cabin opens and enters the Editor. Editor looks at Pandu, Pandu shuts up,takes off the Topi and gives it to the editor. Editor shakes his head in disgust, brushes the topi and puts it on upon himself. Editors turns and leaves.

Pandu bites his tongue –as if "pakde gaye"..Scratches his head comically, winks at the audience and almost jumps out of the cabin with long steps .

Stage is now empty.

Singing in background – Newspaper,,Newspaper, Zindabad !

Which turns into a hum and then just a tune via a musical instrument.

Music gradually fades out.

Curtains close.

Play written by-

Ashok Kumar, kumar_incomm@yahoo.co.uk

9892250853